# नीलाम पत्र अपील संख्या–05/2013
## सरस्वती देवी
बनाम
## गोमो पैक्स लि0, गोमो, धनबाद

| Date of order | Order with the Signature of the Court | Office action taken with date |
| --- | --- | --- |
| **16-11-23** | अपीलार्थी द्वारा जिला सहकारिता पदाधिकारी–सह–नीलाम पत्र पदाधिकारी, धनबाद के नीलाम पत्र वाद सं–166(N.A)/2008–09(गोमो पैक्स लि0, प्रखंड तोपचांची बनाम श्रीमती सरस्वती देवी) में पारित आदेश दिनांक 12.7.13 के विरूद्ध यह अपील दाखिल किया गया है।<br><br>अपीलार्थी द्वारा दिनांक 16.11.23 को आवेदन पत्र समर्पित किया गया है। अपीलार्थी का कथन है कि उनके द्वारा दिनांक 19.10.23 को बकाया राशि समझौता के तहत एक मुस्त 10,000.00रू जमा कर दिया गया है। इस संबंध में अध्यक्ष, गोमो पैक्स लि0, गोमो धनबाद के पत्र सं–19 दिनांक 14.11.23 को बकाया रहित प्रमाण पत्र निर्गत किया गया है जिसकी प्रति संलग्न किया गया है। उपरोक्त के आधार पर उन्होंने वाद की कार्यवाही समाप्त करने का अनुरोध किया है।<br><br>अपीलार्थी द्वारा दाखिल आवेदन पत्र का अवलोकन किया। अपीलार्थी द्वारा बकाया राशि जमा कर दिया गया है एवं उक्त के संबंध में अध्यक्ष, गोमो पैक्स लि0, गोमो धनबाद द्वारा बकाया रहित प्रमाण पत्र निर्गत किया गया है।<br><br>अतः उपरोक्त के आलोक में वाद की कार्यवाही समाप्त की जाती है।<br><br>लेखापित एवं संशोधित<br><br>16/11/23<br>समाहर्त्ता, धनबाद।<br><br>16/11/23<br>समाहर्त्ता, धनबाद। | |

Digitally signed by MADHVI MISHRA
Date: 2024.07.10 14:06:05 +05:30
Location: 192.168.204.61

Scanned with OKEN Scanner